हरिभूमि
झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार, 22 नवंबर 2025

9 विद्यार्थियों को करवाया जियो इंफॉर्मेटिक टेक्नोलॉजी...



10 जसोरखेड़ी में प्रिंस और निधि ने जीता बेस्ट लिफ्टर का...



# दस साल बाद होंगे छोटूराम धर्मशाला सोसायटी के चुनाव

## 11 दिसंबर को प्रकाशित होगी फाइनल लिस्ट

**कुल 1260 सदस्य 92 कॉलेजियम सदस्य चुनेंगे, जो 13 संस्थापक सदस्यों के साथ कार्यकारिणी चुनेंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

करीब एक दशक के बाद शहर की दीनबंधु सर छोटूराम धर्मशाला सोसायटी का चुनाव होने जा रहा है। मतदाता सूची प्रकाशित हो चुकी है, इसमें 1260 सदस्य हैं। इसे लेकर भी दावे-आपत्ति का सिलसिला शुरू हो चुका है। फाइनल लिस्ट 11 दिसंबर को प्रकाशित होगी। संस्था के 13 संस्थापक सदस्य निर्विरोध चुने जाएंगे और 92 कॉलेजियम सदस्यों का चुनाव 18 जनवरी को होगा। जबकि पदाधिकारियों समेत कार्यकारिणी का चुनाव एक मार्च को होगा।

बता दें कि सोसायटी की 23 मई 2015 को गठित कार्यकारिणी में सज्जान सिंह दलाल को प्रधान, बलबीर छिल्लर को महासचिव, भगवान सिंह राठी को वरिष्ठ उपप्रधान, रणबीर आर्य व मास्टर मौजीराम को उपप्रधान, कृष्ण स्वरूप जून व बलजीत आर्य को कोषाध्यक्ष, वेदप्रकाश ढुल को सचिव, प्रो. चरण सिंह को प्रवक्ता चुना गया था। इसके अलावा 16 लोगों की नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया था। इसके विरुद्ध 17 मई 2016 को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई थी। स्टेट रजिस्ट्रार ने अपने 30 नवंबर 2017 के फैसले में प्रधान सज्जन दलाल के नेतृत्व वाले चुनाव को रद कर दिया था। इसके बाद मामला अदालतों और सरकारी दफ्तरों में चक्कर काटता रहा। बीते कई सालों से एसडीएम धर्मशाला के प्रशासक का दायित्व संभाल रहे हैं। एडहॉक कमेटी बनाकर दैनिक कार्यों का निपटान किया जा रहा है। लेकिन अब तमाम अवरोध हटने के बाद चुनावों की सरगर्मियां तेज हो गई हैं।

### 5 तक दर्ज करवाए आपत्ति

मतदाता सूची 19 नवंबर को प्रकाशित की जा चुकी है। इस पर 5 दिसंबर तक जिला रजिस्ट्रार कार्यालय में आपत्ति दायर की जा सकेंगी। पूरक मतदाता सूची 11 दिसंबर को प्रकाशित होगी। फिर 16 से 18 तक नामांकन दाखिल होंगे। नामांकन पत्रों की जांच 23 व 24 दिसंबर को होगी तथा 29 व 30 को नामांकन वापिस लिए जा सकेंगे। एक जनवरी को प्रत्याशियों की सूची प्रकाशित होगी। छह से 8 जनवरी तक उन्हें चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे।



बहादुरगढ़। छोटूराम धर्मशाला में लगी सोसायटी सदस्यों की मतदाता सूची।

### 92 कॉलेजियम सदस्य चुने जाएंगे

निर्वाचन अधिकारी राधेश्याम शर्मा ने बताया कि 13 जीवंत संस्थापक सदस्य संविधान के अनुसार निर्विरोध निर्वाचित होंगे। कुल 1260 सदस्य मतदान के माध्यम से शेष 92 कॉलेजियम के सदस्य चुनेंगे। मतदान सेक्टर-6 स्थित डीएवी स्कूल में होगा। इस तरह कुल 105 सदस्य फिर पदाधिकारियों समेत कार्यकारिणी चुनेंगे। एक से 41 नंबर कॉलेजियम तक प्रत्येक में 13-13 वोट रखी गई हैं। जबकि 42 से 92 तक हर कॉलेजियम में 14-14 वोट हैं।

### 18 जनवरी और 1 मार्च को चुनाव

मतदान 18 जनवरी को होगा और उसी दिन मतगणना के बाद विजेताओं का ऐलान हो जाएगा। इसके बाद प्रधान, उपप्रधान, महासचिव, संयुक्त सचिव, खजांची व 16 कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव ऐसी ही प्रक्रिया अपनाकर 1 मार्च को किया जाएगा। प्रधान के लिए 11 हजार, अन्य पदाधिकारियों के लिए 51 सौ रुपए, कार्यकारिणी सदस्य के लिए 21 सौ रुपए तथा कॉलेजियम सदस्य के लिए 11 सौ रुपए निर्वाचन फीस तय की गई है।

## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार सहित एक आरोपी पकड़ा

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा अवैध हथियार सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस चौकी बेरी प्रभारी राहुल ने बताया कि पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि नसीब निवासी बेरी अवैध हथियार लिए हुए जयराम आश्रम के पास श्मशान घाट के नजदीक अवैध हथियार लिए हुए खड़ा हुआ है। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा एक व्यक्ति को पकड़ा गया। पकड़े गए व्यक्ति की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध हथियार बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ नियमानुसार मामला दर्ज करते हुए आगामी कार्रवाई अमल में लाई गई है।

### कल मेडार्क अस्पताल में लगेगा कैंप

**बहादुरगढ़।** रविवार 23 नवंबर को मेडार्क अस्पताल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। स्त्री रोग, बाल रोग, सामान्य चिकित्सा व हड्डी रोग विशेषज्ञ हर आयु वर्ग के लोगों की सेहत जांचेंगे और उचित परामर्श देंगे। अस्पताल परिसर में निःशुल्क ओपीडी परामर्श, फ्री बीपी, शुगर और ईसीजी जांच, लैब टेस्ट पर 25 प्रतिशत तक की छूट और दवाइयों पर 15 प्रतिशत की रियायत दी जाएगी।

### कार की टक्कर से मां-बेटी घायल

**बहादुरगढ़।** गांव आसौदा टोडराण में एक तेज रफ्तारी कार ने मां-बेटी को टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों को काफी चोट आई है। घायल मां-बेटी एक निजी अस्पताल में भर्ती हैं। परिजनों की शिकायत पर आरोपी कार चालक के खिलाफ आसौदा थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस को दी शिकायत में आसौदा के निवासी रवि कुमार ने कहा है कि वीरवार को उसकी भाभी कुसुम व भतीजी भूमि प्लॉट से घर आ रही थीं। इसी दौरान बहादुरगढ़ की ओर से एक कार तेज गति में आई। उसने भाभी व भतीजी को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगने पर भतीजी तो साइड में जा गिरी लेकिन भाभी गाड़ी के नीचे फंस गई। कुछ दूरी पर गाड़ी रुकी तो हमने भागकर बचाव कार्य शुरू किया और भाभी को गाड़ी के नीचे से निकाला। वहीं आरोपी चालक अपनी कार को छोड़कर भाग गया। हादसे में भाभी व भतीजी को काफी चोट आई हैं।

## बाईपास के निकट शामलात भूमि पर सब्जियों की खड़ी फसल पर चली जेसीबी

# नप ने आठ एकड़ जमीन पर लिया कब्जा

**किसानों ने कार्रवाई का विरोध किया, लेकिन पुलिस बल की मौजूदगी के चलते कब्जा लेने में ज्यादा अड़चन नहीं हुई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

बाईपास के साथ लगती करीब आठ एकड़ जमीन पर नगर परिषद ने शुक्रवार को कब्जा ले लिया। इस कब्जा कार्रवाई के दौरान मक्का, मूली आदि सब्जियों की खड़ी फसल पर जेसीबी चला दी गई। किसानों ने कार्रवाई का विरोध किया, लेकिन पुलिस बल की मौजूदगी के चलते कब्जा लेने में ज्यादा अड़चन नहीं हुई।

- कई वर्षों से जमीन पर चल रहा था विवाद

दरअसल, कई वर्षों से इस जमीन पर विवाद चल रहा था। कुछ किसान परिवार इस पर खेती कर रहे थे। शुक्रवार की दोपहर को नगर परिषद की टीम कब्जा कार्रवाई के लिए यहां पहुंच गई।

ड्यूटी मजिस्ट्रेट जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीई संदीप दूहन की मौजूदगी में यह कार्रवाई हुई। इस दौरान कुछ किसानों ने कार्रवाई का विरोध किया लेकिन जब पुलिस बुलाई गई तो विरोध ठंडा पड़ गया। जिसके बाद नगर परिषद टीम ने कार्रवाई आगे बढ़ाई। खेत में खड़ी फसल पर जेसीबी चलाकर कब्जा ले लिया गया।





बहादुरगढ़। बाइपास के निकट कब्जा कार्रवाई लेने पहुंची टीम व पुलिस की उपस्थिति में फसल पर चलती जेसीबी। फोटो: हरिभूमि

### मेहनत और लागत का नुकसान

*किसान इंद्रजीत ने कहा कि उन्होंने जमीन पट्टे पर छुटवा रखी थी। इसकी फीस भी जमा कराई थी। तब कमेटी ने कहा था कि केस खत्म होने के बाद पट्टानामा जारी कर देंगे। लेकिन अब बिना नोटिस जारी किए ही कब्जा कार्रवाई करते हुए उनकी फसल उजाड़ दी गई। उनकी मेहनत और लागत का नुकसान हुआ है। इस मामले को वे उच्चाधिकारियों तक ले जाएंगे। वहीं, नगर परिषद के एमई जोगेंद्र सिंधु ने बताया कि जमीन शामलात थी। जमीन का केस नगर परिषद जीत चुकी है। तीन महीने पहले नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन कब्जा नहीं छोड़ा गया। इसलिए अब कोर्ट व डीसी के आदेश के बाद यह कार्रवाई की गई। इस दौरान नगर परिषद के सचिव प्रवीण छिकारा, एमई जोगेंद्र सिंधु, एलओ नीरज शर्मा, एसआई सुनील हुड्डा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।*

### संदिग्ध परिस्थितियों में बैंक कर्मी की मौत

**झज्जर।** गांव जहाजगढ़ में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान करीब 34 वर्षीय राजीव पुत्र कृष्ण के तौर पर हुई है। राजीव रोहतक स्थित एक निजी बैंक का कर्मचारी था। परिजनों ने बताया कि उसके गले में हल्का दर्द था इसलिए उसने बैंक से छुट्टी ली थी। परिजनों के अनुसार जब गले का दर्द तेज हुआ था राजीव ने घर में रखी पुरानी दवाइयां ले ली। इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। जब उसे खून की उल्टियां आई और वह बेहोश हुआ तो वे उसे उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले के जांच अधिकारी गोपालदास ने बताया कि मृतक के परिजनों के बयानों के आधार पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।



### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बहादुरगढ़।** पेलपा रोड पर कार की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हुए बाइक सवार व्यक्ति ने पीजीआई रोहतक में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। हादसे के लिए परिजनों ने कार चालक को जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान सोमबीर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, सोमबीर 16 नवंबर की रात को बादली से अपने गांव पेलपा की ओर आ रहा था। पेलपा रोड पर जब वह एसवीएम कॉलेज से कुछ दूर आगे पहुंचा तो पीछे से एक कार ने टक्कर मार दी। हादसे में उसे गंभीर चोट आई। उसे बादली के एक अस्पताल लेकर गए। जिसके बाद बेहतर ईलाज के लिए रोहतक के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसे पीजीआई रेफर कर दिया गया। पीजीआई में उपचार के दौरान वीरवार को उसने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर बादली थाने से पुलिस पीजीआई गई और परिजनों के बयान लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई। चचेरे भाई ज्वाला ने हादसे के लिए कार चालक को जिम्मेदार ठहराया है। कार का नंबर भी पुलिस को मिल गया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



बहादुरगढ़। बैठक में चर्चा करते संगठन के सक्रिय सदस्य। फोटो: हरिभूमि

## 26 को हिसार रैली में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे किसान मजदूर

**बहादुरगढ़।** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर ऐतिहासिक किसान आंदोलन की 5वीं वर्षगांठ पर 26 नवंबर को हिसार में होने वाली प्रदेश स्तरीय रैली में किसानों व कृषि श्रमिकों की भागीदारी बढ़ाने के लिए ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन जनसंपर्क अभियान चलाएगा। संगठन की ब्लॉक कमेटी की मीटिंग में सचिव सतबीर सिंह ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की किसान मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ 26 नवंबर का दिन ऐतिहासिक किसान आंदोलन से सीख और संकल्प लेने का दिन है। जिला कमेटी सदस्य रामकिशन ने कहा कि सरकार द्वारा क्वालिटी या नमी का बहाना लेकर फसलों को एमएससी पर नहीं खरीदा गया। भांवांतर योजना किसान विरोधी व सरकारी मंडियों को खत्म करने की साज़िश है। प्रदेश सचिव जयकरण मांडौठी ने बताया कि प्रदेश में लाखों एकड़ में खड़ी फसलें बारिश व जलभराव से तबाह हो गई हैं, लेकिन आज तक कोई मुआवजा राशि नहीं मिली। रैली में किसानों की तमाम मांगों को जोरदार ढंग से उठाया जाएगा। मीटिंग में मंगतराम, सतीश कुमार और लालजी आदि उपस्थित थे।

### युवक की हत्या के मामले में ढाबा संचालक गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** युवक की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी ढाबा संचालक को गिरफ्तार कर लिया है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपी की निशानदेही पर पिस्तौल व चार कारतूस बरामद हुए हैं। बादली थाना प्रभारी सुरेश कुमार के अनुसार, सोमबीर निवासी रायपुर झज्जर ने शिकायत दी थी कि 17 नवंबर को वह अपने भाई विकास तथा उसके साथियों के साथ गाड़ी में सवार होकर पाहसोर में इंडोस्पेस के निकट स्थित एक ढाबे पर पहुंचे। उन्होंने वहां खाने का ऑर्डर दिया। इसी दौरान शराब पीने को लेकर होटल संचालक के साथ कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर होटल के मालिक प्रदीप फौजी ने अचानक अपना पिस्तौल निकाला और उसके भाई को गोली मार दी। गोली लगते ही वह गंभीर रूप से घायल हो गया और आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल अवस्था में विकास को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस पर थाने में केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रदीप निवासी खेड़ीजट को गिरफ्तार कर दो दिन के रिमांड पर लिया। इस दौरान उसकी निशानदेही पर वारदात में प्रयोग पिस्तौल तथा तीन कारतूस बरामद किए।

## नागरिक अस्पताल के शवगृह में लगी आग, सामान झुलसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शुक्रवार की सुबह अज्ञात कारणों से स्थानीय नागरिक अस्पताल के शवगृह में आग लग गई। कर्मचारियों ने जब शवगृह की बिल्डिंग से धुंआ उठते देखा तो उन्होंने इसकी सूचना अधिकारियों को दी। इसके बाद शवगृह में तैनात कर्मचारियों व अस्पताल की सिक्योरिटी टीम सदस्यों ने अस्पताल में मौजूद अग्निशामक यंत्रों की सहायता से करीब पन्द्रह मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आगजनी की इस घटना में जहां बिल्डिंग के तीनों कमरे की दीवारें व छत क्षतिग्रस्त हो गई वहीं जिस कमरे में आग लगी वहां रखा सामान भी बुरी तरह झुलस गया। शवगृह में कार्यरत कर्मचारी धर्मेंद्र व ऋषि ने बताया कि वे जब ड्यूटी पर पहुंचे तो उन्होंने शवगृह के भवन से धुंआ निकलते देखा। उन्होंने आनन-फानन में ताला खोला और बिल्डिंग के अंदर प्रवेश किया तो वहां चारों तरफ धुंए का गुब्बार था। उन्होंने देखा कि बिसरा पैकिंग वाले रूम में आग लगी है। इसके बाद उन्होंने साथी कर्मचारियों के सहयोग से न केवल अस्पताल के अग्निशामक यंत्रों के जरिए आग बुझाई बल्कि अन्य कमरों में पड़ा सामान भी सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इसके बाद अधिकारियों द्वारा मौका-मुआयना किया गया। अस्पताल के डिप्टी सीएमओ डॉ. यशपाल मोमिया ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। समय रहते आग पर काबू पाने से किसी प्रकार के जान-माल का नुकसान नहीं है।



झज्जर। शवगृह के अंदर कमरें में जलती आग व क्षतिग्रस्त दीवारें। फोटो: हरिभूमि



झज्जर। अग्निशामक यंत्रों से आग बुझाने का प्रयास करते हुए कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

### बिजली बिल के पैसे खर्च कर पुलिस को दी लूट की झूठी सूचना

**बहादुरगढ़।** बराही-आसौदा मार्ग पर एक बाइक सवार से लूट की सूचना पर पुलिस दौड़ पड़ी, लेकिन जांच में मामला फर्जी निकला। युवक ने घर से मिले बिजली बिल के 35 हजार रुपये उधार चुकाने में खर्च कर दिए और परिवार के डर से पुलिस को झूठी लूट की कॉल कर दी। बहादुरगढ़ निवासी एक युवक अपनी बुलेट बाइक पर रात करीब आठ बजे आसौदा की तरफ से लौट रहा था। बराही गांव के पास पहुंचकर उसने पुलिस कंट्रोल रूम में कॉल कर बताया कि तीन-चार युवक चाकू दिखाकर उसके 35 हजार रुपये लूट ले गए। सूचना मिलते ही लाइनपार थाने और सीआईए की टीम मौके पर पहुंची।पूछताछ के दौरान युवक की कहानी बार-बार बदलने लगी। पहले उसने कहा कि सड़क किनारे खड़े एक व्यक्ति ने लिफ्ट मांगी और बाइक रोकते ही उसके साथी पीछे से आकर चाकू दिखाकर रुपये ले गए। पुलिस ने जब घटनाक्रम के बारे में दोबारा पूछा तो वह जवाब बदलने लगा। शक गहराया तो टीम ने सख्ती से पूछताछ की। आखिरकार युवक तुतलाने लगा और सच उगल दिया कि लूट की सूचना झूठी है।पुलिस जांच में सामने आया कि युवक ने घरवालों से चोरी-छिपे किसी परिचित से उधार ले रखा था। रकम चुकाने का समय आ गया था। घर से बिजली बिल जमा कराने के लिए मिले 35 हजार रुपये उसने उधार चुकाने में लगा दिए और घरवालों से बचने के लिए लूट की कहानी बना दी। पुलिस ने परिवार को बुलाकर मामले की जानकारी दी। परिवार की ओर से गलती स्वीकार करने और भविष्य में ऐसा न करने का आश्वासन देने पर युवक को फटकार लगाकर छोड़ दिया गया।लाइनपार थाना प्रभारी परमजीत सिंह ने कहा कि बराही के पास लूट की सूचना मिली थी, लेकिन जांच में वह पूरी तरह झूठी पाई गई।

## विधायक ने चेयरपर्सन के साथ किया निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

# छोटूराम नगर में एक करोड़ से बनेंगी 21 गलियां व नाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

छोटूराम नगर में लगभग 1 करोड़ रुपए की लागत से 21 इंटरलॉकिंग टाइल्स की गलियों व नाले का निर्माण होगा। शुक्रवार को विधायक राजेश जून ने नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी, वाइस चेयरमैन राजपाल शर्मा व पार्षद प्रतिनिधि हरिमोहन धाकरे की मौजूदगी में के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया।

स्थानीय निवासियों ने विधायक समेत सभी अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और कॉलोनी में विकास कार्य करवाने के लिए विधायक राजेश जून का आभार व्यक्त किया। राजेश जून ने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में बहादुरगढ़ हलके में निरंतर विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उनके कार्यकाल में नई सड़कें, पीने के पानी की पाइपलाइन, गलियां, बिजली के नए ट्रांसफार्मर व नई तारे लगाने सहित कई परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया गया है। विधायक राजेश जून ने बताया कि वर्ष 2024 तक बहादुरगढ़ में प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ गया था। चारों तरफ अवैध प्लास्टिक वेस्ट गोदाम और प्रदूषण फैलाने वाली इंडस्ट्रीज सक्रिय थीं।

विधायक बनने के बाद उन्होंने इस मुद्दे को हरियाणा विधानसभा में मजबूती से उठाया और अधिकारियों को समय-समय पर निर्देश दिए। जिसके बाद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कठोर कार्रवाई शुरू की। उन्होंने बताया कि अवैध प्लास्टिक वेस्ट भंडारण गोदामों और प्रदूषण फैलाने वाली कई इंडस्ट्रीज को बंद कराया जा चुका है। परिणामस्वरूप इस वर्ष प्रदूषण में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है।



बहादुरगढ़। छोटूराम नगर में निर्माण कार्य का शुभारंभ करते विधायक राजेश जून व अन्य। फोटो: हरिभूमि

## मांग पूरी होने के आश्वासन पर समाप्त हुआ धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

हुडा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन ने शुक्रवार को एचएसवीपी डिविजन के सेक्टर-9 स्थित कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। इसकी अध्यक्षता यूनियन के जिला प्रधान रमन जून ने की, जबकि संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष मदन मोहन नागर ने किया।

- कर्मचारियों ने जोर-शोर से उठाई वेतन व ईपीएफ की मांग

वेतन व ईपीएफ की मांग कर्मचारियों ने जोर-शोर से उठाई। इस दौरान कर्मचारियों को संबोधित करते हुए यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष आरके नागर ने बताया कि करीब दोपहर 12 बजे ठेकेदार संदीप सांगवान धरना स्थल पर पहुंचे और सूचना दी कि कर्मचारियों का पिछले 11 महीनों का ईपीएफ और ईएसआई आज ही कर्मचारियों के खातों में जमा कर दिया गया है। वहीं अक्टूबर महीने का वेतन भी जमा करने का भरोसा दिया गया। कई कर्मचारियों के वेतन और पीएफ में आई रुकावटों को भी ठेकेदार ने तुरंत निपटाने का आश्वासन दिया। यूनियन ने कार्यकारी अभियंता को एक नया मांग पत्र भी सौंपा है, जिसमें सभी कच्चे कर्मचारियों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम के पोर्टल पर अपलोड करने, नियमित समय पर वेतन देने और ईपीएफ समय पर जमा करने की मांग की गई है। रमन जून, मदन मोहन नागर, अजीत सिंह, हवासिंह, जतिन, सतीश, राजू, राजेश, सुरेंद्र, जयप्रकाश, लोकेश समेत अन्य कर्मचारी इस अवसर पर मौजूद रहे।




बहादुरगढ़। मांगों को लेकर नारेबाजी करते कर्मचारी।



# हेलेन का जन्मदिन मनाने एकजुट हुआ खान परिवार

**मुंबई।** सलमान खान के परिवार में एक बार फिर खुशियों का दिन लौट चुका है। उनकी दूसरी मां हेलेन ने शुक्रवार को अपना जन्मदिन मनाया। ऐसे में पूरा खान परिवार एक बार फिर खास दिन को सेलिब्रेट करने के लिए एक साथ आया। हेलेन के जन्मदिन को खास मनाने के लिए कई सितारे पहुंचे। एवरग्रीन एक्ट्रेस रेखा भी हेलेन के इस खास दिन को और खास बनाने के लिए पहुंची हैं। इसके अलावा सलमान की मां सलमा खान को भी यहां देखा गया। अभिनेत्री के जन्मदिन के लिए, कई सेलेब्स पार्टी में पहुंचे। लेखक और सलमान खान के पिता सलीम खान भी नजर आए। सलमान खान की मां सलमा खान भी अलग से इस पार्टी में पहुंचीं। सलमा का पार्टी में पहुंचना ये साफ दिखाता है कि उनके और हेलेन के बीच कितना प्यार है।

लाइफ Style



# रकुल
## अजय के साथ दोस्ती का रिश्ता नहीं रख सकती

रकुल प्रीत सिंह हाल ही में अजय देवगन के साथ फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' में नजर आईं। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म ठीक-ठाक कमाई कर रही है। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया है कि वह इंडस्ट्री में नई नहीं हैं, इसके बावजूद उन्हें अजय देवगन के मुकाबले बहुत ही कम अनुभव है।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

रकुल प्रीत सिंह ने बताया है कि वह अजय देवगन के साथ दोस्ती का रिश्ता क्यों नहीं रख सकती। बॉलीवुड के बातचीत में रकुल प्रीत सिंह ने बताया 'मैं उनके साथ दोस्ती का रिश्ता नहीं रख सकती। मेरा उनका रिश्ता सम्मान वाला है। मेरे लिए वह अभी भी अजय देवगन हैं। वह सीनियर अभिनेता हैं और बहुत अच्छे इंसान हैं। मैं अजय देवगन को सम्मान के साथ संबोधित करती हूं।' अजय देवगन के साथ रकुल प्रीत सिंह दोस्त की तरह क्यों नहीं रह सकती, इस पर उन्होंने सफाई देते हुए कहा 'जो आपकी उम्र के या आपसे कम उम्र के एक्टर होते हैं, वह आपके दोस्त बन जाते हैं। अजय देवगन को मैं सर मानती हूं। मैं अपने आपको इंडस्ट्री में नई नहीं मानती, फिर भी मेरा उनसे कम अनुभव है।' अंशुल शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' में रकुल प्रीत और अजय देवगन के अलावा आर माधवन, गौतमी कपूर, जावेद जाफरी, मीजान जाफरी और अर्जुन पांचाल जैसे कलाकार हैं। यह फिल्म सिनेमाघरों में 14 नवंबर को रिलीज हुई थी। इसमें बड़ी उम्र के पुरुष का छोटी उम्र की लड़की के साथ रोमांस दिखाया गया है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने अब तक 51.10 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है।

## हॉलीवुड मसाला



# हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम स्टार से सम्मानित

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के फैंस के दिलों में दिवंगत चैडविक बोसमैन के लिए एक बेहद खास जगह है। पर्दे पर सुपरहीरो 'ब्लैक पैंथर' का रोल निभाने वाले चैडविक को 5 साल पहले 2020 में नासूर कैंसर ने हम सभी से छीन लिया। गुरुवार को चैडविक बोसमैन को 'हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम' स्टार देकर सम्मानित किया गया है। इस मौके पर उनकी विधवा सिमोन लेडवर्ड-बोसमैन मौजूद रहीं। दिवंगत पति को मिले सम्मान को पाकर जहां सिमोन के चेहरे पर एक हंसी थी, वहीं आंखों में नमी और दिल की गहराई में दुख का सैलाब भी था। 'हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम' के स्टार सेरेमनी में सिमोन लेडवर्ड-बोसमैन के साथ ही 'ब्लैक पैंथर' फिल्म के डायरेक्टर रयान कूगलर और एक्टर वियोला डेविस भी मौजूद थीं।




# मिस यूनिवर्स के स्टेज पर मुंह के बल गिरी मिस जमैका

**नई दिल्ली।** मिस यूनिवर्स 2025 के इवेंट के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। थाईलैंड में मिस यूनिवर्स 2025 की प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस हादसे में मिस जमैका को बुरी तरह से चोट लग गई है। ये हादसा फिनाले से सिर्फ दो दिन पहले 19 नवंबर को हुआ था, जिसका वीडियो अब खूब वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में मिस जमैका ऑरेंज कलर की बेहद खूबसूरत इवनिंग गाउन में हाई हील्स पहनकर वॉक करती नजर आ रही हैं। वो बहुत ही खूबसूरत लग रही हैं और बहुत आराम से वॉक कर रही हैं। मगर अचानक से चलते हुए वो स्टेज के किनारे पर पहुंच जाती हैं और बुरी तरह से नीचे गिर जाती हैं। मिस जमैका 28 साल की गैब्रिएल हैं। जिनका वीडियो देखकर हर कोई चौंक रहा है। गैब्रिएल का सिर्फ एक स्टेप मिस हो जाता है और वो गिर जाती हैं। इस वीडियो में दिखाया गया है कि इस घटना के बाद उन्हें तुरंत स्ट्रेचर पर स्टेज से ले जाते हैं। जो भी इस वीडियो को देख रहा है वो कमेंट करके मिस जमैका की तबीयत के बारे में पूछ रहा है। हर किसी को चिंता हो रही है कि उन्हें कहीं ज्यादा तो नहीं लग गई है। मिस यूनिवर्स जमैका ऑर्गनाइजेशन ने 19 नवंबर को इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करके इस हादसे के बारे में बताया है।



# बतौर निर्देशक नए जॉनर में हाथ आजमाने को तैयार

**मुंबई।** कोंकणा सेन शर्मा ने न सिर्फ एक अभिनेत्री बल्कि एक डायरेक्टर के तौर पर भी अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने साल 2016 में आई फिल्म 'डेथ इन द गंज' का निर्देशन किया। वह 'लस्ट स्टोरीज 2' की सह-निर्देशक रहीं। अब एक्ट्रेस-डायरेक्टर ने अपने अगले डायरेक्टोरियल प्रोजेक्ट के बारे में अपडेट दी है। अपने अगले प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी देते हुए कोंकणा सेन शर्मा ने बताया 'यह एक कॉमेडी शो है, जिसे मैं अपने कॉलेज के दोस्त जयदीप सरकार के साथ लिख रही हूं और इसका निर्देशन कर रही हूं। मैं इसे लेकर थोड़ी घबराई हुई हूं, लेकिन इसके साथ हमें मजा आने वाला है।' कई कलाकार अपने निर्देशन में बन रहे शो में काम करते हैं। ऐसे में कोंकणा सेन शर्मा से पूछा गया कि क्या वह अपने निर्देशन में बन रहे शो में काम करेंगी? इस पर उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि मैं इसमें बतौर अभिनेत्री काम करूंगी।'



# युद्ध नहीं, कुर्बानी दिखाती है 120 बहादुर

**मुंबई।** फरहान अख्तर की फिल्म '120 बहादुर' का दर्शकों को काफी इंतजार था। यह फिल्म 21 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है। कई दर्शकों ने फिल्म को देखकर इस पर प्रतिक्रिया दी है। आइए जानते हैं दर्शकों को यह फिल्म कैसी लगी है? एक यूजर ने '120 बहादुर' और फरहान अख्तर की तारीफ की है। उन्होंने लिखा है 'क्या हम फरहान अख्तर की स्क्रीन प्रेजेंस के बारे में बात कर सकते हैं? हर फ्रेम, हर डायलॉग और हर झलक बहुत अच्छी है। इस फिल्म को सिर्फ उनके लिए देखा जाना चाहिए।' एक यूजर ने फिल्म की तारीफ की है। उन्होंने लिखा है '120 बहादुर फिल्म देखी। बिना हवा के सपोर्ट के 118 जवान -30 डिग्री में आखिरी सांस और आखिरी गोली तक लड़े। यह फिल्म युद्ध नहीं कुर्बानी दिखाती है।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस के घर में आते ही तान्या के भाई ने किए कई खुलासे

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' के फैमिली वीक में इस बार घर का माहौल तब और दिलचस्प हो गया जब तान्या मित्तल के भाई अमृतेश मित्तल शो में पहुंचे। जैसे ही वो घर में दाखिल हुए, तान्या भावुक हो गईं और उन्हें देखकर पहले पैर छुए फिर गले लगाया। लेकिन, असली कहानी तब शुरू हुई जब एक-एक कर घरवाले उनके सामने तान्या द्वारा शो के दौरान किए गए दावों को लेकर सवाल लेकर पहुंचने लगे। मेकर्स ने प्रोमो में दिखाया कि कैसे तान्या के भाई हर सवाल का जवाब शांत तरीके से दे रहे हैं और बहन के बचाव में साफ-साफ अपना पक्ष रखते दिख रहे हैं। शो के मेकर्स द्वारा अब तक कई प्रोमोज साझा किए गए हैं, जिनमें तान्या के भाई एक-एक सारे मुद्दों पर सफाई देते हुए नजर आ रहे हैं। 'बिग बॉस' के लाइव से वायरल हुए वीडियो में प्रणित किचन में लिफ्ट के दावे पर तान्या के भाई से सवाल पूछते हैं। इस पर तान्या के भाई कहते हैं कि हमारे ग्वालियर में ऊंची ऊंची बिल्डिंग्स नहीं हैं। ऐसे में बुजुर्गों के लिए घर में लिफ्ट बहुत आम तौर पर घरों में लगवाई जाती है। हमारे सारे रिश्तेदारों के घरों में ही ऐसा किया जाता है। इस दौरान साथ बैठीं तान्या भी यही बात दोहराते हुए नजर आती हैं। इसके बाद बातचीत फैक्ट्री वाले बयान पर पहुंची, जिसे लेकर भी घर में कई दिनों से सवाल उठते रहे थे। इस पर तान्या के भाई ने सरल शब्दों में समझाया कि उनके पिता का बिजनेस क्या है और कैसे लोग बिना पूरी जानकारी के बातें बना लेते हैं।

## मेरे दिल में एक डर बना हुआ है :दीपिका

**नई दिल्ली।** टीवी अभिनेत्री दीपिका कक्कड़ ने हाल ही में अपने यूट्यूब चैनल पर बहुत भावुक होकर बताया कि उन्हें लिवर कैंसर हो गया है। अभी उनकी सभी मेडिकल रिपोर्ट्स नॉर्मल आ रही हैं, लेकिन फिर भी वे हर दिन डर,



चिंता और शारीरिक परेशानियों से गुजर रही हैं। दीपिका ने कहा, 'कभी-कभी मैं बहुत खुश और उम्मीद से भरी रहती हूं, तो कभी अचानक डर लगने लगता है। मेरा दिल इतना कुछ सह नहीं पाता।' दीपिका ने बताया कि हर दिन कुछ नई समस्या आती हैं। कभी थायरॉइड बढ़ता-घटता है तो कभी हार्मोनल बदलाव होते हैं, त्वचा बहुत रूखी हो गई है, हाथ फट रहे हैं, कान-गले में दबाव और नाक में सूखापन रहता है। अपने पति शोएब इब्राहिम के साथ रिकॉर्ड किए इस वीडियो में दीपिका ने आगे कहा, 'यह सफर बहुत थकाऊ है, लेकिन हमें हार नहीं माननी है। हमारे पास सिर्फ दो रास्ते हैं। पहला या तो डर के साथ बैठ जाएं और दूसरा डर के साथ ही आगे बढ़ते रहें। मैं आगे बढ़ना चाहती हूं।' दीपिका ने इस वीडियो में उन सभी लोगों से कहा, जो कैंसर जैसी बीमारी से लड़ रहे हैं, 'हिम्मत मत हारो, खुद को बार-बार समझाओ कि सब ठीक हो जाएगा और अल्लाह पर पूरा भरोसा रखो।'

# इस एक्ट्रेस को प्रॉस्टिट्यूशन के लिए किया था मजबूर ठेले पर श्मशान घाट पहुंची थी उनकी लाश

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड स्टार्स की लाइफ जितनी आसान और लग्जरी दिखती है वैसी होती नहीं है। उन्हें काफी उतार-चढ़ाव देखने पड़ते हैं। अब हम आपको एक ऐसी एक्ट्रेस के बारे में बताने वाले हैं जिन्होंने पहले काफी सक्सेस एंजॉय की, लेकिन फिर एक वक्त ऐसा आया कि उन्होंने मनी और फेम सब गवा दिया। विमी को म्यूजिक डायरेक्टर रवि ने डिस्कवल किया और उस वक्त वह पहले से शादीशुदा थीं। दोनों के 2 बच्चे भी थे। एक बेटा और एक बेटी। विमी के पति ने उनका पूरा सपोर्ट किया और दोनों मुंबई शिफ्ट हो गए ,जहां विमी ने सुनील दत्त की फिल्म हमराज से डेब्यू किया था। दोनों ने साथ में आबू, पतंगा, गुड्डी समेत कई फिल्मों में साथ काम किया था। 1977 में विमी का लिवर की बीमारी की वजह से निधन हो गया। ऐसा कहा जाता है कि उनके निधन के वक्त कोई भी उनका अपना नहीं था और श्मशान घाट उन्हें ठेले पर लेकर गए।



### प्रेमी ने किया गलत इस्तेमाल

ऐसा कहा जाता है कि विमी को फिर एक फिल्म ब्रोकर से प्यार हो गया है था, लेकिन उसने विमी का गलत इस्तेमाल किया और उन्हें प्रॉस्टिट्यूशनके लिए मजबूर किया। उस टॉक्सिक रिलेशन से बाहर आने के बाद विमी ने फिर टेक्सटाइल बिजनेस शुरू किया। बिजनेस भी जब फेल हो गया तो विमी को अपना सारा सामान बेचना पड़ा और घर भी।

### लग्जरी लाइफ के बाद आया भूचाल

एक पॉइंट पर विमी का बड़ा घर था, लग्जरी गाड़ियां थी। उन्हें बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत एक्ट्रेसेस में से एक माना जाता था। इतना ही नहीं, वह उस समय की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एक्ट्रेसेस में से एक भी थीं। हालांकि विमी की ये शोहरत ज्यादा लंबी नहीं चली। रिपोर्ट्स के मुताबिक उनकी फिल्में फ्लॉप होने लगी और बात यहां तक आ गई कि वह सिर्फ मैगजीन के लिए फोटोशूट तक करती थीं।

### पर्सनल लाइफ में आया बड़ा बदलाव

ना सिर्फ प्रोफेशनल, बल्कि पर्सनल लाइफ में भी उनकी लाइफ में बड़ा तूफान आया। विमी अपने पति से अलग हो गई थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक विमी के निधन के बाद जारी एक श्रद्धांजलि लेख में यह भी बताया गया कि एक्ट्रेस घरेलू हिंसा का शिकार होती थीं।

# 'दो दीवाने सहर में' का फर्स्ट लुक जारी

**मुंबई।** संजय लीला भंसाली के प्रोडक्शन के तहत बन रही फिल्म 'दो दीवाने सहर में' का पहला लुक सामने आया है। निर्माताओं ने सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर की अदाकारी वाली इस फिल्म की रिलीज की तारीख का भी ऐलान किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फर्स्ट लुक जारी करते हुए निर्माताओं ने लिखा 'दो दिल एक सहर, एक अपूर्ण रूप से पूर्ण प्रेम कहानी। इस वैलेंटाइन डे पर इश्क से इश्क हो जाएगा। दो दीवाने सहर में 20 फरवरी 2026 को रिलीज होगी।' जारी किए गए फर्स्ट लुक में सबसे पहले पानी में पड़ा पत्ता नजर आता है। इसके बाद दो चाय के साथ दो हाथ नजर आते हैं। फिर फूलों पर मंडराती तितलियां नजर आती हैं। इसके बाद पहाड़ों का दृश्य दिखता है।




### कई सेलेब्स ने किया लाइक

मेट्रो में एक व्यक्ति सफर करता नजर आता है। फिर पुल के पास बैठा एक जोड़ा नजर आता है। इसके बाद एक जोड़ा पानी में भीगता है। फिल्म के फर्स्ट लुक को कई सेलेब्स ने लाइक किया है और इस पर कमेंट किए हैं। अभिनेत्री संदीपा धर ने पोस्ट पर दिल वाला इमेज कमेंट किया है। फिल्म निर्देशक जोया अख्तर ने लिखा है 'सिड, मृणाल।' एक और यूजर ने लिखा है 'मुझे टाइटल पसंद आया। इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है।'

## अजय की भोला से लेकर ऋतिक की विक्रम वेधा तक
# साउथ की ये रीमेक फिल्में बॉलीवुड में रहीं फ्लॉप

एजेंसी ▸▸ मुंबई

बॉलीवुड में अक्सर साउथ की फिल्मों के रीमेक बनते हैं। कई बार यह फिल्में इतनी कामयाब हो जाती हैं कि कमाई के मामले में ये ओरिजिनल फिल्म को पीछे छोड़ देती हैं। आज हम उन बॉलीवुड फिल्मों की बात करेंगे जो साउथ की कामयाब फिल्मों की रीमेक हैं। हालांकि, ये फिल्में बॉलीवुड में फ्लॉप रहीं।

### शहजादा

कार्तिक आर्यन और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'शहजादा' (2023) में रिलीज हुई थी। यह फिल्म तेलुगु ब्लॉकबस्टर 'अला वैकुंठपुरमुलु' (अल्लू अर्जुन वाली) पर आधारित थी। यह फिल्म उस तरह से नहीं चल पाई जैसे इसने साउथ में परफॉर्म किया था। दर्शकों को तेलुगु मूवी में अल्लू अर्जुन का अभिनय और म्यूजिक पसंद आया, लेकिन 'शहजादा' को दर्शकों ने नकार दिया।



### विक्रम वेधा

'विक्रम वेधा' (2022) में ऋतिक रोशन और सैफ अली खान लीड रोल में थे। यह फिल्म 2017 की तमिल फिल्म 'विक्रम वेधा' का रीमेक थी। दोनों फिल्मों के निर्देशक एक ही थे। जहां साउथ में यह फिल्म अच्छी चली, वहीं बॉलीवुड में यह फ्लॉप रही। बताया जाता है कि रीमेक में असली फिल्म जैसी ओरिजनलिटी नहीं थी।

### भोला

दावा किया जा रहा था कि अजय देवगन की अदाकारी वाली फिल्म 'भोला' (2023), हिट साबित होगी। हालांकि, लोकेश कनगराज की तमिल फिल्म 'कैथी' से प्रेरित इस फिल्म को दर्शकों ने नकार दिया। भोला को वाइल्ड एक्शन फिल्म बताया गया था। जानकारों के मुताबिक इसमें स्टंट अच्छे थे, लेकिन असली सस्पेंस की कमी थी।



### देवा

शाहिद कपूर की अदाकारी वाली फिल्म 'देवा' 31 जनवरी, 2025 को रिलीज हुई थी। यह फिल्म मलयालम फिल्म 'मुंबई पुलिस' की रीमेक थी। बॉलीवुड में यह फिल्म फ्लॉप रही थी। देवा देखने में मजेदार थी, लेकिन स्क्रीनप्ले मजबूत नहीं था। फिल्ममेकर ने इसके आखिरी सीन को बदल दिया, जबकि दर्शक इसकी तुलना ओरिजिनल फिल्म से करते रहे।

### लवयापा

जुनैद खान और खुशी कपूर स्टारर 'लवयापा' 2022 की तमिल फिल्म 'लव टुडे' का हिंदी रीमेक थी। इसमें प्यार और भरोसे की थीम कुछ-कुछ तमिल फिल्म जैसी ही थी। 'लवयापा' बहुत यंग और ट्रेंडी लगी। क्रिटिक्स और ऑडियंस को यह ठीक-ठाक लगी। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही।

## खबर संक्षेप



झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित विजेता खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### खेल उत्सव में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

**झज्जर।** पैरामाउंट स्कूल छुछकवास में शुक्रवार को खेल उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था निदेशक मंजीत फौगाट द्वारा किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के बीच 100 मीटर, 200, 400 व 800 मीटर की दौड़, थ्री लेग्स रेस, शैक रेस, बैक रेस, लेमन रेस, रिले रेस, फ्रॉग रेस, खो–खो, कबड्डी, ब्लास्ट दा बलून, रस्साकसी आदि स्पर्धाएं कराई गईं। शिक्षकों के लिए म्यूजिकल चेयर रेस का आयोजन भी किया गया। निदेशक मंजीत फौगाट ने सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र व मेडल देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### रोड सेफ्टी प्रतियोगिता में एचडी के विद्यार्थी प्रथम



झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी।

**झज्जर।** खंड स्तरीय रोड सेफ्टी प्रतियोगिता में एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास के विद्यार्थियों ने ब्लॉक में प्रथम स्थान हासिल कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। एनटीएसई प्रमुख आशीष यादव ने बताया कि उनके संस्थान के विद्यार्थियों ने तीनों लेवल की टीमों को हराकर यह स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया, सचिव विशाल नेहरा, हेमंत गुलिया तथा प्राचार्य सतबीर सिंह ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### डीसी ने की समाधान शिविरों की साप्ताहिक समीक्षा

**झज्जर।** जिले में आयोजित समाधान शिविरों की प्रगति और शिकायतों के निपटान को लेकर डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि को समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर सभी शिकायतों की समाधान उपरांत रिपोर्ट अविलंब अपलोड की जाए। उन्होंने कहा कि सतत जागरूकता एवं शीघ्र कार्रवाई से ही आमजन का भरोसा कायम रहेगा।

### 30 नवंबर तक कृषि यंत्र खरीदें किसान

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन के लिए कृषि यंत्रों पर विशेष अनुदान दिया जा रहा है। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत इन यंत्रों पर किसानों को 50 प्रतिशत तक अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। जिन किसानों के परमिट जारी हो चुके हैं, वे अपने अनुमोदित कृषि यंत्र 30 नवंबर तक खरीद लें। कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉक्टर जितेंद्र अहलावत ने बताया कि योजना में सुपर सीडर, सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम, सरफेस सीडर कई उपकरण शामिल हैं।

*राजकीय महाविद्यालय बिरोहड़ में जियो इंफॉर्मेटिक टेक्नोलॉजी पर सेमिनार का आयोजन*

# विद्यार्थियों को करवाया जियो इंफॉर्मेटिक टेक्नोलॉजी के बढ़ते महत्व से अवगत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

राजकीय महाविद्यालय बिरोहड़ में शुक्रवार को जियोइंफॉर्मेटिक टेक्नोलॉजी पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉक्टर सतबीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित सेमिनार का उद्देश्य विद्यार्थियों और शोधार्थियों को आधुनिक भू-स्थानिक तकनीकों जैसे जीआईएस, रिमोट सेंसिंग, जीपीएस तथा डिजिटल मैपिंग के नवीनतम उपयोगों से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम में स्काइलाइन जियोइनफॉर्मेटिक रोहतक से अजय पूनिया व हिमांशी बत्रा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने जियोइंफॉर्मेटिक्स के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह तकनीक कृषि, आपदा प्रबंधन, शहरी नियोजन, पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। इसके अलावा वक्ताओं ने जियोग्राफिक इंफॉर्मेशन सिस्टम के उन्नत प्रयोग, सैटेलाइट डेटा का विश्लेषण, ड्रोन्स के माध्यम से भू-मानचित्रण और पर्यावरणीय परिवर्तन मॉनिटरिंग आदि से विद्यार्थियों को अवगत कराया। प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारी डॉक्टर सुरेंद्र सिंह, विभागाध्यक्ष ओमबीर, इतिहास विभाग से डॉक्टर सवीन, भूगोल विभाग से पवन कुमार व प्रदीप कुमार सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। सेमिनार में विद्यार्थियों के साथ उपस्थित मुख्य वक्ता एवं शिक्षक।



झज्जर। नाटक के माध्यम से लोगों में जागरूकता का संदेश देते हुए टीम सदस्य।

### नाटक के माध्यम से किशोरियों को किया उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित

**झज्जर।** लड़कियों को उच्च शिक्षा व रास्ते में आने वाली चुनौतियों का सामना करने की प्रेरणा देने के उद्देश्य से ब्रेक थ्रू संस्था द्वारा जिले में बड़ी सी आशा अभियान की शुरूआत की गई है। सिलानी गांव में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संस्था सदस्य पूनम ने कहा कि वर्तमान समय में कई गांवों में आज भी अभिभावकों द्वारा लड़कियों को उच्च शिक्षा के लिए कॉलेज नहीं भेजा जा रहा। उन्होंने नाटक के माध्यम से दिखाया है कि उन समस्या को किस तरह से हल करके सोनिया अपनी कॉलेज की पढ़ाई करती हैं। ऐसी बहुत सारी सोनिया हमारे समाज में उपस्थित हैं जो अपने सपनों को पूरा करना चाहती है। शिक्षिका अरुणा ने कहा कि नाटक के माध्यम से दिया गया संदेश सराहनीय है। रूपेश ने कहा कि अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों के साथ दोस्ताना व्यवहार रखते हुए उनके साथ बातचीत करें। घर की लड़कियों को भी आगे बढ़ने का मौका मिलना चाहिए।

## न्यूज डायरी




झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

### डीसी ने दिए राइट टू सर्विस एक्ट के तहत सेवाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश

**झज्जर।** वीरवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए राइट टू सर्विस एक्ट के अंतर्गत निर्धारित सेवाओं को निश्चित समयावधि में आमजन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने दायित्व का ईमानदारी से निर्वहन करें और पारदर्शी तथा समयबद्ध सेवा प्रणाली लागू करें ताकि नागरिकों को अनावश्यक कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि राइट टू सर्विस एक्ट आमजन को विभिन्न सरकारी सेवाओं का लाभ समय पर दिलाने के लिए लागू किया गया है और प्रत्येक विभाग इस कानून की पालना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### डीघल गांव में नशा मुक्ति अभियान के तहत वॉलीबाल प्रतियोगिता 28 नवंबर को

**बेरी।** एसडीएम रेणुका नांदल ने बताया कि नशा मुक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने व युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से डीघल गांव में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत आगामी 28 नवंबर को वॉलीबॉल मैच आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि वॉलीबाल मैच का मुख्य उद्देश्य युवाओं को विभिन्न प्रकार के नशों से दूर कर खेलों की ओर प्रेरित करना है। युवा समाज की सबसे बड़ी ताकत होती है। उन्होंने बेरी ब्लॉक के सभी ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों के अलावा शिक्षा, खेल विभाग से आह्वान करते हुए कहा कि प्रतियोगिता में बढ़चढ़ कर भाग लेने तथा नशे से दूर रहने तथा शिक्षा के साथ साथ खेलों के प्रति जागरूक करें।



रेणुका नांदल, एसडीएम बेरी

### भाषण प्रतियोगिता में शिल्पी ने पाया पहला स्थान



झज्जर। महाविद्यालय स्टॉफ सदस्यों के साथ होनहार प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग के तत्वावधान में आधुनिक युग में अर्थशास्त्र के महत्त्व पर भाषण प्रतियोगिता और आर्थिक गतिविधियों पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता तथा राजनीति विज्ञान विभाग और निर्वाचन साक्षरता क्लब द्वारा संविधान के महत्त्व पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉक्टर प्रियंका, अर्थशास्त्र प्रवक्ता डॉक्टर मनोज कुमार और राजनीति विज्ञान प्राध्यापक अशोक कुमार ने किया। प्राचार्य दलबीर सिंह ने विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए और उनका उत्साहवर्धन किया। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी अमित भारद्वाज ने बताया कि भाषण प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की शिल्पी ने पहला, बीए द्वितीय वर्ष की प्रियंका ने दूसरा और बीए तृतीय वर्ष की अंतिम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की संजू ने पहला, बीए तृतीय वर्ष की सिमरन और अंतिम ने दूसरा तथा बीए द्वितीय वर्ष की कविता और बीए प्रथम वर्ष के इंद्रजीत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। राजनीति विज्ञान विभाग की पोस्टर प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की साक्षी ने पहला, बीए द्वितीय वर्ष की आरती ने दूसरा और बीए द्वितीय वर्ष की तन्नू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं का निर्णय प्राध्यापक डॉक्टर जगबीर सिंह, डॉक्टर कुलदीप, शिव शंकर और अशोक कुमार ने किया।

### वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में हितेश गुलिया ने जीता स्वर्ण पदक

**झज्जर।** जिले के मुक्केबाज हितेश गुलिया ने वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश व देश का गौरव बढ़ाया है। बाक्सिंग कोच हितेश देशवाल ने बताया कि इससे पहले भी हितेश ब्राजील में स्वर्ण पदक तथा कजाकिस्तान में रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुका है। हितेश ने जिले में नए मुक्केबाजों को निखारने का काम किया है। इस उपलब्धि पर उन्होंने उसके पिता सत्यवान गुलिया को बधाई देते हुए होनहार हितेश के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



मुक्केबाज हितेश गुलिया

# दो लाभार्थियों का किया कूल्हा प्रत्यारोपण

**झज्जर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत बीते सोमवार से शुरू हुए विशेष शल्य चिकित्सा अभियान में आयुष्मान लाभार्थियों को कूल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण, बच्चेदानी का ऑप्रेशन, मोतियाबिंद, हर्निया आदि की सुविधाएं निःशुल्क प्रदान की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को जिले के सरकारी अस्पतालों में हड्डी रोग के पांच, सिजेरियन चार, दांतों संबंधी एक तथा मोतियाबिंद से संबंधित 21 ऑप्रेशन किए गए। सीएमओ डॉक्टर जयमाला ने बताया कि आयुष्मान सर्जिकल अभियान के अंतर्गत पूर्णतः कूल्हा बदलने संबंधी दो बड़े ऑप्रेशन भी सफलता पूर्वक किए गए हैं जिनमें से एक नागरिक अस्पताल बहादुरगढ़ तथा दूसरा स्थानीय नागरिक अस्पताल में किया गया है।



झज्जर। शल्य चिकित्सा अभियान के अंतर्गत ऑप्रेशन करते हुए चिकित्सक।

**पात्र मरीजों तक उन्नत शल्य चिकित्सा सेवाएं पहुंचाना ही शिविर का उद्देश्य**

उप सिविल सर्जन एवं कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉक्टर सुनीता तंवर ने बताया कि सरकार द्वारा आरक्षित पैकेज एवं प्रक्रियाओं के अंतर्गत विशेषज्ञ चिकित्सकों को लक्ष्य निर्धारित कर दिए गए हैं। अभियान का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र मरीजों तक उन्नत शल्य चिकित्सा सेवाएं पहुंचाना है, ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

# स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर कार्यशाला में दिया जोर



झज्जर। कार्यशाला में अपनी बात रखते हुए सीजेएम विशाल। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

- गुड हेल्थ एंड वेल्थ विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन

स्थानीय एडीआर सेंटर में शुक्रवार को गुड हेल्थ एंड वेल्थ विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला विधिक प्राधिकरण व आयुष विभाग के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं सीजेएम विशाल ने की। उन्होंने कहा कि तेज रफ्तार जीवन में स्वस्थ शरीर और सकारात्मक मानसिक ऊर्जा ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। अच्छा स्वास्थ्य ही अच्छे धन, बेहतर कार्यक्षमता और उत्पादकता का आधार बनता है। यदि व्यक्ति स्वास्थ्य को प्राथमिकता देता है तो उसके जीवन में वित्तीय स्थिरता और व्यक्तिगत विकास स्वतः शामिल हो जाते हैं। उन्होंने आयुष पद्धति, योग, प्राणायाम, ध्यान, संतुलित आहार और प्राकृतिक उपचार को तनाव दूर करने और ऊर्जा बढ़ाने में कारगर बताया। इसके अलावा लोगों को अपने दैनिक जीवन में छोटी-छोटी आदतें सुधारने, नियमित व्यायाम करने, समय पर भोजन लेने, पर्याप्त पानी, सकारात्मक सोच और डिजिटल डिटॉक्स के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें दैनिक जीवन में नियमित व्यायाम, पर्याप्त पानी, समय पर भोजन, सकारात्मक सोच और डिजिटल डिटॉक्स जैसी आदतें अपनाने की सलाह दी गई। इस दौरान प्रतिभागियों ने स्वास्थ्य संबंधी प्रश्न पूछे जिनका आयुष विभाग के विशेषज्ञ डॉक्टर पवन देशवाल द्वारा समाधान किया गया। इसके अलावा आयुष विभाग के अधिकारियों ने प्राकृतिक उपचार पद्धतियों और जीवनशैली सुधार से होने वाले फायदों की जानकारी भी दी।

# डीसी ने गुरुद्वारा प्रतिनिधियों संग की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

हरियाणा सरकार के तत्वावधान में हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में जिला से संगत की सक्रिय भागीदारी रहेगी। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल के साथ जिले की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों और संगत प्रतिनिधियों ने आगामी कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि संगत की सहभागिता के साथ कुरुक्षेत्र में आयोजित यह विशाल पर्व सफल और यादगार बनेगा। गुरुद्वारा प्रतिनिधियों ने कहा कि यह अवसर भारतीय समाज में एकता की भावना को और मजबूत करने का प्रतीक होगा व संगत इससे जुड़ी हर गतिविधि में पूर्ण सहयोग देगा।



झज्जर। गुरुद्वारा प्रतिनिधियों व सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

### विद्यार्थियों को दी किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक मानसिक व भावनात्मक बदलाव की जानकारी



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों व विद्यार्थियों के बीच उपस्थित काउंसलर संदीप कुमार जांगड़ा। फोटो : हरिभूमि

**झज्जर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिरधाना में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को विशेष किशोर जागरुकता आउटरीच गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा विद्यार्थियों के साथ किशोरावस्था में बदलाव, सुरक्षा व करियर मार्गदर्शन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। प्राचार्य सुनील शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला किशोर स्वास्थ्य काउंसलर संदीप कुमार जांगड़ा ने विद्यार्थियों को किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक बदलाव से अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को सही खानपान, स्वच्छता, संतुलित रहन-सहन, पढ़ाई में एकाग्रता बढ़ाने के तरीके, पोषण, एनीमिया रोकथाम, करियर काउंसलिंग एवं लक्ष्य निर्धारण जानकारी देने के साथ-साथ उन्हें मोबाइल से उचित दूरी बनाए रखने के लिए भी प्रेरित किया। सभी विद्यार्थियों को सलाह दी गई कि वे किसी भी समस्या पर संकोच न करें और समय पर परामर्श लें। इस मौके पर हेल्थ एंबेसडर भगवानी व योगेश, अध्यापिका गीता, जयभगवान दहिया सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

**हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम**

**तेरहवां पुरस्कार (सांत्वना पुरस्कार) (101 से 150)**

❖ बिशन चन्द सुपुत्र स्व. श्री हजारी लाल, बहलवान छत्ते के पास नलापुर, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ कनिष्क सुपुत्र श्री तरूण कुमार, बहलवान छत्ते के पास नलापुर, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ सुनिता धर्मपत्नी बिशन चन्द, बहलवान छत्ते के पास नलापुर, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ रामचन्द्र गर्ग सुपुत्र श्री ओमप्रकाश गर्ग, पुरानी मण्डी, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ उदय सिंह सुपुत्र श्री तुलसी राम, म. नं. 477, सैक्टर-1, हुडा, पार्ट 1, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ जगदीश धर्मपत्नी बिमला, बाजद, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ दीपक कुमार सुपुत्र श्री पुरूषोत्तम दास, किला रोड, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ बिल्लू कुमार सुपुत्र श्री किशन लाल, अटेली मण्डी, झण्डा चौक, महेन्द्रगढ़ ❖ सत्यवान यादव सुपुत्र श्री कृष्ण यादव, शंकर कॉलोनी, महेन्द्रगढ़ ❖ रविदत्त शर्मा सुपुत्र श्री रामकुमार शर्मा, सुरजभान, महेन्द्रगढ़ ❖ विरेन्द्र सिंह सुपुत्र श्री सुमेर सिंह, वार्ड 1, छाजूपुरम कॉलोनी, महेन्द्रगढ़ ❖ प्रतीक सुपुत्र श्री सतीश कुमार, नौताना, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ गौरव सुपुत्र श्री संजय कपूर, वार्ड 1, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ दया किशन सुपुत्र श्री भय राम, गांव खेड़ा, महेन्द्रगढ़ ❖ पिंकी देवी धर्मपत्नी श्री अजित कुमार, गागडवास, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ संदीप पुत्र श्री राजबीर, निवासी गांव कुलासी जिला झज्जर ❖ राजकुमार नागर पुत्र श्री करतार सिंह नागर, निवासी गली नं.5, शंकर गार्डन, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ अनुराधा गोयल पत्नी श्री बिनोद कुमार गोयल निवासी 80ए, गली नं. 2, मॉडल टाउन, बहादुरगढ़ ❖ राजकुमार गुप्ता पुत्र श्री लक्ष्मण सिंह गुप्ता निवासी 393/25, जटवाड़ा मोहल्ला, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ विहान सिंह पुत्र श्री नीरज दलाल निवासी मकान नं.8/832, गली नं.4, दयानंद नगर, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ हरबंस लाल खुराना पुत्र श्री लक्ष्मण दास खुराना निवासी 24/776, झील मोहल्ला, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ मुख्तयार सिंह पुत्र श्री रामप्रसाद निवासी गांव सांखौल, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ सुरेश कुमार पुत्र श्री भीम सिंह निवासी गांव मुकुंदपुर डाकखाना कानौंदा, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ परमजीत पुत्र श्री रोहताष निवासी गांव जाखौदा, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ हिमांशी राठी पुत्री श्री कृष्ण कुमार निवासी 18/699, राम नगर, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ रोहतास पुत्र श्री राममेहर निवासी गांव दुल्हेड़ा बहादुरगढ़ जिला झज्जर ❖ जगबीर मुदगल निवासी मोहन नगर बहादुरगढ़ जिला झज्जर ❖ श्रीनिवास पुत्र श्री मनफुल सिंह निवासी मकान नं.22, न्यू रिसमी नगर, हिसार ❖ नवीन कुमार पुत्र श्री सुरजभान निवासी गांव मंगली (अकलान), जिला हिसार ❖ अरूण कुमार आहुजा पुत्र श्री कृष्ण लाल आहुजा निवासी 78/18, कमला नगर, हिसार ❖ कनिका पुत्री श्री संदीप कुमार निवासी डी-7, सीसी-5, एचएयू, ओल्ड कैम्पस, गेट नं.2, हिसार ❖ सनवी सैनी पुत्री श्री नन्दराम सैनी निवासी वार्ड नं. 4, लोहारू, जिला भिवानी ❖ राकेश पुत्र श्री मामन सिंह निवासी सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी ❖ अनीता पत्नी कुलवीर सिंह निवासी सीएचसी लोहारू, जिला भिवानी ❖ रामबीर पुत्र श्री सतबीर सिंह निवासी लेघ्यां हेतवान जिला भिवानी ❖ सुप्रिया वर्मा पुत्री श्री भीम सिंह निवासी गांव सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी ❖ खुशी पुत्री श्री भीम सिंह निवासी गांव सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी ❖ दिलबाग सिंह पुत्र श्री चंदगी राम निवासी झोझू खुर्द जिला चरखी दादरी ❖ मा.बलवान सिंह दहिया पुत्र श्री रामू सिंह निवासी मकान नं. 746/11, बैंक कालोनी, भिवानी ❖ श्रीराम सैनी पुत्र श्री बलदेव राम सैनी निवासी मकान नं. 422, डीजी कालोनी, भिवानी ❖ रघुबीर सिंह चोकल पुत्र श्री शिवनारायण सिंह निवासी नजदीक पिपली वाली जोहड़ी, हनुमान गेट, भिवानी ❖ आदित्य सोनी पुत्र श्री संदीप कुमार निवासी जीतू वाला जोड़कू, विकास हाई स्कूल, भिवानी ❖ डॉ.मामन चंद शर्मा पुत्र श्री पाल्ला राम निवासी बी 12, गिरिराज कालोनी, भिवानी ❖ भावेश पुत्र श्री संदीप कुमार निवासी सीसीएसएचएयू ओल्ड कैम्पस, हिसार ❖ राजपाल सिंह पुत्र श्री सांवल सिंह निवासी लोहारी जाटू तहसील बवानी खेड़ा, जिला भिवानी ❖ जरीना पुत्री श्री आमीन गांव मानहेरू जिला भिवानी ❖ बसंत कुमार पुत्र श्री एसपी कालमाड़ी निवासी नजदीक मस्जिद, चरखी दादरी ❖ विभूति सानिया पुत्री श्री शिशुपाल निवासी मेन गली, गांव मानहेरू, जिला भिवानी ❖ मन्जू देवी पत्नी श्री चरण सिंह निवासी जोत राम धाम, ग्राम बादल, जिला चरखी दादरी ❖ अनिल कुमार पुत्र श्री रामफल निवासी नजदीक बालाजी मंदिर, गांव मानहेरू, जिला भिवानी

क्रमशः **शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें**

**आवश्यक सूचना :**

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतु साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रातः 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019-20

**- कार्यालय पता -**

बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

**कार्यक्रम** संस्कारम विवि पाटौदा में विरासत-ए -झज्जर कार्यक्रम आयोजित

# सरकारी विद्यालयों में प्रतिभाओं की कमी नहीं : रविंद्र कौशिक

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जहाजगढ़ के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

संस्कारम विश्वविद्यालय पाटौदा में आयोजित विरासत-ए -झज्जर कार्यक्रम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जहाजगढ़ के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया है। टीम इंचार्ज अंजना यादव ने बताया कि प्रदेश भर से पहुंची करीब 150 टीमों में से उनके संस्थान की टीम ने ग्रुप डांस में जहां प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं सोलो डांस में उनके स्कूल की छात्रा नीति तीसरे स्थान पर रही। ग्रुप डांस की विजेता छात्राओं में रितिका, रिया, सारिका, नीति, पायल, कोमल, प्राची व अक्षरा शामिल रहे।




झज्जर। शिक्षकों के साथ जीती गई ट्रॉफी दिखाते हुए विजेता छात्राएं।

**विजेता छात्राओं का भव्य स्वागत किया**

विद्यालय पहुंचने पर प्राचार्या डॉक्टर लाली कुमारी, इंफॉर्मेशन ऑफिसर रविंद्र कौशिक व स्कूल इंचार्ज राजबाला द्वारा विजेता छात्राओं का भव्य स्वागत किया गया। विजेताओं को प्रोत्साहित करते हुए रविंदर कौशिक ने कहा कि इस सफलता ने साबित कर दिया है कि सरकारी विद्यालयों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। इस मौके पर शिक्षक पवन, मंदीप, राकेश, सविता ढुआ, पूनम, सुमन, वनिता, कविता और गरिमा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाएं विद्यार्थी : जयपाल दहिया



झज्जर। कार्यक्रम में उपस्थित विकल्प फाउंडेशन टीम सदस्य एवं शिक्षक।

*झज्जर। शहीद धर्मवीर राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाकला में विकल्प फाउंडेशन द्वारा मिशन बुनियाद व सुपर 100 के खंड स्तरीय जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य वेद प्रकाश ने बताया कि यात्रा ठहराव की शीर्षक से आयोजित कार्यक्रम में साल्हावास खंड के सभी स्कूलों से आठवीं तथा दसवीं के करीब 160 विद्यार्थियों व शिक्षकों ने भाग लिया। खंड शिक्षा अधिकारी जयपाल सिंह दहिया ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। रजिस्ट्रेशन का कार्यभार एबीआरसी मुकेश पूनिया व नीतू ने संभाला जबकि मंच संचालन प्राध्यापक विजय कुमार द्वारा किया गया। सरस्वती वंदना से शुरू हुए इस कार्यक्रम में शिक्षिका योगिता के नेतृत्व में विद्यार्थियों द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में विकल्प फाउंडेशन टीम सदस्य अरविंद, निशांत, हिना, अक्षिता, टीना, मोनिका, दिव्या, अतेंद्र आदि ने मिशन बुनियाद व सुपर 100 बारे विस्तार से जानकारी दी। खंड शिक्षा अधिकारी जयपाल सिंह दहिया ने कहा कि विद्यार्थियों को चाहिए वे सरकार द्वारा चलाई जा रही इस प्रकार की योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने फाइन आर्ट के प्रवक्ता राकेश द्वारा बनाई गई रंगोली की सराहना भी की।*

## खबर संक्षेप



### बादली कॉलेज में सेल्फ डिफेंस तकनीक सिखाई

**बहादुरगढ़।** बादली के चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ ने लड़कियों व महिलाओं की सेफ्टी और सेल्फ डिफेंस तकनीक पर एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया। पहल फाउंडेशन के चीफ ट्रस्टी तकदीर सिंह ने सेल्फ डिफेंस की अलग-अलग तकनीक के साथ सेफ्टी इंस्ट्रक्शन, अवेयरनेस और पढ़ाई या काम की जगह पर ध्यान देने वाले व्यवहार के बारे में बताया। प्रिंसिपल आनंद कादियान ने उन्हें सम्मानित किया और सेफ्टी से जुड़ी कई जानकारी साझा की। महिला प्रकोष्ठ की नोडल ऑफिसर पूनम शर्मा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में डॉ. शर्मिला, डॉ. पूनम चौधरी, डॉ. रेणु, डॉ. पूनम, संदीप, डॉ. समता आदि ने प्रोत्साहित किया।



बहादुरगढ़। नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को जागरुक करती ब्रेकथ्रू की टीम।

### नाटक के माध्यम से किया जागरूक

**बहादुरगढ़।** शुक्रवार को गांव सिद्दीपुर लोवा में ब्रेकथ्रू संस्था द्वारा जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता पूनम ने बताया कि 12वीं कक्षा के बाद कई लड़की कॉलेज नहीं जाती। उच्च शिक्षा से वंचित रहने के कई कारण हैं। जिनमें रूढ़िवादी सोच और लिंगभेद अहम हैं। ब्रेकथ्रू की टीम ने नाटक के माध्यम से दिखाया कि इन समस्याओं से जूझते हुए कैसे एक लड़की अपनी कॉलेज की पढ़ाई पूरी करती है। समाज में अधिकांश लड़कियां अपने सपनों को पूरा करना चाहती हैं। लड़कियों को भी मौका मिलना चाहिए।

### उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक सोमवार को

**झज्जर।** उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम पंचकूला की बैठक आगामी 24 नवंबर को अधीक्षण अभियंता, ऑपरेशन सर्किल यूएचबीवीएन झज्जर कार्यालय में आयोजित की जाएगी। प्रवक्ता ने बताया कि बैठक सुबह 11 बजे से सांय 4 बजे तक चेयरमैन, सीजीआरएफ पंचकूला की अध्यक्षता में होगी। यदि किसी उपभोक्ता को अधीक्षण अभियंता, कार्यकारी अभियंता या उपमंडल अभियंता के पूर्व निर्णयों से संतुष्टि न हो, तो वे अपनी शिकायतें चेयरमैन सीजीआरएफ, पंचकूला के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। यह प्रक्रिया उपभोक्ताओं को अदालत के चक्करों से राहत प्रदान करेगी।

### जिलास्तरीय वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन

# जसोरखेड़ी में प्रिंस और निधि ने जीता बेस्ट लिफ्टर का खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

वेट लिफ्टिंग एसोसिएशन ऑफ झज्जर की ओर से जसोरखेड़ी स्थित दादा खेम वाला मंदिर युवा स्पोर्ट्स क्लब में दसवीं जिला स्तरीय वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खिलाड़ियों ने उत्साह से भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रिंस और निधि ने बेस्ट लिफ्टर का खिताब अपने नाम किया। लड़कों में बहादुरगढ़ और लड़कियों में जसोरखेड़ी की टीम चैंपियन बनी।

लड़कों के यूथ 56 केजी भार वर्ग में बहादुरगढ़ के गुरमीत ने पहला और लोहारहेड़ी के निशांत ने दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं 60 केजी में बहादुरगढ़ के शुभम ने बाजी मारी। जूनियर वर्ग 60 केजी में बहादुरगढ़ का प्रिंस, 71 केजी में बराही का नवाब, 79 केजी में बहादुरगढ़ का आकाश तथा 88 केजी में प्रतीक पहले स्थान पर रहा। सीनियर वर्ग 60 केजी में 234 किलो वजन उठाकर प्रिंस पहले स्थान पर रहा। इसी के साथ उसने बेस्ट लिफ्टर का भी खिताब अपने नाम किया। दस वर्षीय बच्चों में कार्तिक पहले, तेजस दूसरे और कुशांत तीसरे स्थान पर रहा।




बहादुरगढ़। स्टेज पर मौजूद पदाधिकारी व खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे विजेता**

लड़कियों के यूथ 44 केजी में बहादुरगढ़ की परी पहले और जसोरखेड़ी की राधिका दूसरे स्थान पर रही। वहीं, 48 केजी में लोहारहेड़ी की निधि, 53 केजी में जसोरखेड़ी की अंजलि, 58 केजी में लोहारहेड़ी की अक्षिता तथा 77 प्लस भारवर्ग में कानोंदा की परी पहले स्थान पर रही। जूनियर 48 केजी में लोहारहेड़ी की निधि पहले और जसोरखेड़ी की सोना दूसरे स्थान पर रही। इसी तरह 53 केजी में जसोरखेड़ी की अंजलि, 63 में हिमांशी, 69 में हिमांशी और 86 केजी में हिमांशी विजेता बनीं। सीनियर वर्ग 48 केजी में लोहारहेड़ी की निधि, 53 केजी में इसी गांव की मोनिका पहले स्थान पर रहीं। जबकि 63 केजी में जसोरखेड़ी की हिमांशी व 69 केजी में हिमांशी ने बाजी मारी।बेस्ट लिफ्टर का खिताब निधि ने जीता।

## अंकिता ने गोल्ड और राधिका ने ब्रॉन्ज जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

रोहतक महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में 18 से 20 नवंबर तक आयोजित 50वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में बहादुरगढ़ के वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय की सात एथलीट्स ने भाग लिया। अंकिता ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता और राधिका ने अपनी दमदार दौड़ के बल पर ब्रॉन्ज मेडल जीता।

हाफ मैराथन जैसे चुनौतीपूर्ण इवेंट में कॉलेज की एथलीट्स ने स्वर्ण और कांस्य पदक हासिल किया। वैश्य बीएड कॉलेज की राधिका, अनुष्का, अंकिता, ज्योति, मनीषा, तन्नु व काजल ने विभिन्न स्पर्धाओं में भाग लेकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने इस उपलब्धि का श्रेय शारीरिक शिक्षा विभाग की प्रवक्ता सुनीता रानी को देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन, प्रोत्साहन और प्रशिक्षण ने छात्राओं को यह मुकाम दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा व कॉलेज प्रधान सत्यनारायण अग्रवाल ने दोनों विजेताओं सहित सभी प्रतिभागी एथलीट्स को बधाई दी।



बहादुरगढ़। विजेता छात्राओं के साथ प्रशिक्षक व प्रिंसिपल। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। दूरदर्शन का महत्व समझाते फाउंडेशन स्कूल के विद्यार्थी।

## दूरदर्शन के महत्व को किया रेखांकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

फाउंडेशन पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को विश्व दूरदर्शन दिवस उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय में हुई सभा में विद्यार्थियों को दूरदर्शन के महत्व, उसकी भूमिका और समाज पर उसके प्रभाव के बारे में अवगत कराया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत विशेष प्रार्थना सभा के साथ हुई। जिसमें कक्षा तीसरी के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके बाद विद्यार्थियों ने दूरदर्शन के विकास पर आधारित नाटक, भाषण और सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता द्वारा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दूरदर्शन पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिक्षकों ने भी आधुनिक तकनीक और दूरदर्शन की उपयोगिता पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्या मोनिका राठी ने कहा कि दूरदर्शन केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं है, बल्कि ज्ञान, सूचना और जागरूकता का एक सशक्त साधन है। उन्होंने कहा कि हमें अपना स्क्रीन टाईम नियंत्रित करना चाहिए। यह हमें ही निश्चित करना है कि टीवी और मोबाइल पर समय बिताकर जानकारी लेनी है या अनावश्यक कार्यक्रम देखकर अपना समय बर्बाद करना है। स्कूल निदेशक हर्षदीप राठी ने सभी को जिम्मेदारी के साथ मीडिया का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि स्कूल विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए ऐसे कार्यक्रम करता रहेगा।

## खबर संक्षेप

### तीन दिन ट्रेन रद रहने से यात्रियों को परेशानी

**बहादुरगढ़।** दिल्ली–रोहतक रेल मार्ग पर लगातार तीन दिन कई ट्रेनें रद्द रहने के कारण दैनिक यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। शनिवार से ट्रैक पर तमाम ट्रेनें सुचारू रहने की संभावना है। दरअसल, बुधवार को रेलवे की ओर से बहादुरगढ़ में बराही फाटक के पास पुराने पुल को बदला गया था। इस वजह से साढ़े सात घंटे का ब्लॉक रहा। इस दौरान रोहतक व दिल्ली के बीच चलने वाली गाड़ियां बंद थी। वहीं वीरवार और शुक्रवार की शाम को तीन तीन घंटे के ब्लॉक के चलते भी रूट प्रभावित रहा। वीरवार, शुक्रवार को दिल्ली–जींद के बीच चलने वाली गाड़ियां संख्या 64931 और 64932 रद्द रहीं। इनके अलावा 54032 दिल्ली–जींद सवारी गाड़ी और 54035 दिल्ली–जाखल सवारी गाड़ी रोहतक तक चली लेकिन इससे आगे बहादुरगढ़ व दिल्ली की तरफ नहीं गई। इन गाड़ियों के रद्द रहने के कारण यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी। दैनिक रेल यात्री सतपाल हाड़ा ने बताया कि फिलहाल किसी ट्रेन के रद्द होने की अग्रिम सूचना नहीं है। लिहाजा शनिवार से रूट पर सेवाएं सुचारू रहने की उम्मीद है।

### नेशनल कोचिंग कैंप के लिए नियुक्त हुए भरत



**बहादुरगढ़।** लखनऊ में आयोजित नेशनल कराटे कोचिंग कैंप में बहादुरगढ़ के बालोर गांव से भरत यादव को कोच नियुक्त किया गया है। अब भरत यादव नेशनल खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करेंगे। कोच भरत यादव ने बताया कि स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया द्वारा लखनऊ साईं आरसी सेंटर में 17 नवंबर से 31 दिसंबर तक नेशनल कराटे कोचिंग कैंप का आयोजन किया गया है। इस कैंप में बेहतरीन खिलाड़ियों का चयन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए किया गया है। इन्हीं खिलड़ियों को वह प्रशिक्षण देंगे। उन्होंने बताया कि अगले वर्ष होने वाली इंटरनेशनल प्रतियोगिताओ में कराटे खिलाड़ी देश का नाम रोशन करेंगे।



### कंपीटिशन में खुशी प्रथम व पूजा रही द्वितीय

**बहादुरगढ़।** राजकीय महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ में अंग्रेजी विभाग द्वारा शुक्रवार को एक्सटेंपरे कंपीटिशन का आयोजन किया गया। इसका संचालन प्राचार्या अलका गुलाटी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में 140 छात्राओं ने भाग लिया। बीएससी द्वितीय वर्ष की खुशी वर्मा ने प्रथम स्थान, बीए प्रथम वर्ष की पूजा ने द्वितीय, बीकॉम प्रथम वर्ष नीतू तथा बीए द्वितीय वर्ष राधिका तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. मंजू छिकारा व डॉ. सुशीला द्वारा किया गया। प्राचार्या अल्का गुलाटी ने छात्राओं को ऐसे शैक्षिक कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि छात्राओं में तात्कालिक अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास तथा विचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने की क्षमता का विकास करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया।



बहादुरगढ़। जनसमस्याएं सुनते सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन। फोटो : हरिभूमि

## सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन की टीम ने सुनीं जनसमस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शुक्रवार को शहर के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन की टीम ने आमजन की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के पहले दिन कुल 7 शिकायतें आईं। अधिकांश शिकायतें बिजली निगम से संबंधित थीं। बैठक में सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन रामकंवार सैनी, शेखर कौशिक, मंजीत पांचाल, रमेश आर्य और मनोज राठी मौजूद रहे। एक शिकायत किसी अनधिकृत व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षर कर पहले ही बंद कर दी गई थी। इसकी जांच के साथ ही कार्रवाई की मांग की गई है। शेखर कौशिक ने बताया कि लोगों की समस्याओं का समय पर समाधान सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। अब हर मंगलवार और शुक्रवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक पीडब्ल्यूडी विश्रामगृह में जनसुनवाई आयोजित की जाएगी।

### हमला करने मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा जानलेवा हमला करने मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस चौकी दुलीना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि धर्मदेव निवासी दादरी तोए की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान यसमित निवासी दादरी तौर के तौर पर की गई है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## छारा कॉलेज में 4 दिवसीय आर्ट एंड क्राफ्ट वर्कशॉप संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित 4 दिवसीय आर्ट एंड क्राफ्ट कार्यशाला शुक्रवार को सफलतापूर्वक समापन हुई। कार्यशाला में छात्राओं ने उत्साहपूर्ण सहभागिता दर्ज कराई और पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त किया।

कार्यशाला का संचालन नेशनल अवार्डी चंद्रकांत बोंदवाल के निर्देशन में हुआ। विख्यात शिल्पकार ममता त्रिपाठी, लक्ष्य धनखड़ और अमृता ने प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को पेंसिल स्केचिंग, मिट्टी के आभूषण बनाने जैसी विविध तकनीकों की जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों ने प्रशिक्षकों से अन्य कला-कौशल और क्राफ्ट तकनीकें सीखकर अपनी रचनात्मकता को निखारा। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी ज्योति ने सभी प्रशिक्षकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह कार्यशाला छात्राओं के कौशल विकास के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। ऐसा नियमित प्रशिक्षण छात्राओं को क्राफ्ट वर्क के विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर अवसर प्रदान करेगा। इस दौरान मोनिका व ललिता आदि उपस्थित रहे।




बहादुरगढ़। कार्यशाला के समापन पर प्रमाण पत्रों के साथ विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## रेस्टोरेंट संचालक को गोली मारने मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

बीते दिनों शहर के पुराना बस स्टैंड के नजदीक स्थित रेस्टोरेंट संचालक को गोली मारने मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस की एक टीम द्वारा एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। शहर थाना प्रभारी सरिता ने बताया कि संदीप निवासी सुभाष नगर झज्जर की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था।

मामले में कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक अशोक कुमार की टीम द्वारा एक आरोपी को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान पवन निवासी खरमाण जिला झज्जर के तौर पर की गई है।

आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



झज्जर। पकड़ा गया आरोपी पुलिस टीम के साथ। फोटो : हरिभूमि

### चोर से लेपटॉप व मोबाइल बरामद

**बहादुरगढ़।** छोटूराम नगर में स्थित एक दुकान में हुई चोरी की वारदात पुलिस ने सुलझा ली है। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की निशानदेही पर कुछ मोबाइल, लेपटॉप व अन्य सामान बरामद किया गया है। लाइनपार थाना प्रभारी परमजीत सिंह के अनुसार, अंकुश निवासी छोटूराम नगर ने शिकायत दी थी कि उसने एक मोबाइल की दुकान कर रखी है। गत 17 नवंबर को वह अपनी दुकान बंद कर घर चला गया। अगली सुबह देखा तो दुकान का ताला टूटा हुआ था और काफी सामान चोरी हुआ मिला। इस पर केस दर्ज कर जांच शुरू की। मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को पकड़ा गया है। आरोपी की पहचान आशीष निवासी लाइनपार के रूप में हुई है। आरोपी से चोरी किए गए छह मोबाइल, दो लेपटॉप व एक मैगबुक बरामद किया गया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

**जांच शिविर** महाराजा अग्रसेन धर्मशाला में नि:शुल्क मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन

# कैंप में 306 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा

### मरीजों को हर संभव चिकित्सा सहायता देने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

नूना माजरा के महाराजा अग्रसेन सतनारायण गुप्ता अस्पताल द्वारा महाराजा अग्रसेन धर्मशाला में नि:शुल्क मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में 306 लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई और सेवाओं का लाभ उठाया। ट्रस्ट के मुख्य सलाहकार राजेश गुप्ता, महामंत्री संजय गुप्ता और डॉ. पूनम अग्रवाल भी कैंप में पहुंचे। उन्होंने कैंप में आए मरीजों को हर संभव चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

- स्वास्थ्य शिविर समाज के लिए अत्यंत उपयोगी
- अधिक से अधिक लोगों को उठाना चाहिए जांच शिविर का लाभ

कैंप का शुभारंभ अग्रसेन धर्मशाला के प्रधान अशोक गुप्ता ने रिबन काटकर व महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर समाज के लिए अत्यंत उपयोगी हैं और अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ उठाना चाहिए। जनरल मेडिसिन, हड्डी रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग, ईएनटी, डेंटल, नेत्र रोग तथा अन्य चिकित्सा विभागों के डॉक्टरों ने मरीजों को पूरी गंभीरता से जांचा और उचित परामर्श दिया। कैंप में सभी लोगों की बीपी, शुगर, ईसीजी की जांच सहित कई महत्वपूर्ण टेस्ट नि:शुल्क किए गए।

अस्पताल प्रशासन द्वारा जरूरतमंद मरीजों को फ्री मेडिसिन भी वितरित की गई। स्थानीय नागरिकों ने अस्पताल द्वारा आयोजित इस कैंप की खुलकर सराहना की। इस मौके पर धर्मशाला सचिव नरेंद्र गुप्ता, राजू, गौरी शंकर अग्रवाल, कपूर चंद व मोहित गुप्ता आदि ने सभी डॉक्टरों और स्टाफ सदस्यों का आभार व्यक्त किया।



बहादुरगढ़। अग्रसेन धर्मशाला में स्वास्थ्य जांच के लिए पंजीकरण करवाते लोग। फोटो: हरिभूमि